माँ तेरे दरबार झुके सारा संसार

माँ तेरे दरबार झुके सारा संसार,
मेरी सुनले पुकार,
ज्योता वालिये हो लाटा वालिये मां तेरे दरबार,
झुके सारा संसार...

बिच भंवर में घिर गई नैया घिर गई नैया,
तुझ बिन मेरा कौन खिवैया कौन खिवैया,
तूफ़ा उठा है माँ तूफ़ा उठा है लहरों में तू,
कर दे बेडा पार माँ मेरी सुनले पुकार,
ज्योता वालिये हो लाटा वालिये मां तेरे दरबार,
झुके सारा संसार......

तुम चाहो तो टूटे जोड़ो टूटे जोड़ो,
मुर्दे में जां वापस मोड़ो वापस मोड़ो,
अपने नाम की माँ अपने नाम की लाज बचालो,
भक्त ना जाए हार माँ मेरी सुनले पुकार,
ज्योता वालिये हो लाटा वालिये मां तेरे दरबार,
झुके सारा संसार...

हे जगदम्बे हे महामाया हे महामाया,
सर के बल मैं चल के आया चल के आया,
आज ना तेरे माँ आज ना तेरे दरस हुए तो,
दूंगा शीश उतार मेरी सुनले पुकार,
ज्योता वालिये हो लाटा वालिये,
मां तेरे दरबार झुके सारा संसार

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19058/title/maa-tere-darbar-jhuke-sara-sansar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |